आईआईएम रांची में स्कॉलरशिप की पहली बार शुरुआत

25 विद्यार्थियों को दी जाएगी एक करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति

सिटी रिपोर्टर|रांची

आईआइएम रांची में पहली बार मेधावी तथा आर्थिक रुप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति की शुरुआत की जा रही है। इसका उद्देश्य उन छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति उपलब्ध करवाना है जो मेधावी हैं परन्तु आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इस छात्रवृति के पात्र आईआईएम रांची में एमबीए, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट और इंटिग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम) प्रोग्राम के विद्यार्थी होंगे। इसमें प्रत्येक वर्ष 25 छात्र-छात्राओं के बीच लगभग कुल एक करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। आईआईएम रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आईआईएम रांची द्वारा प्रदान की जाने वाली मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति संस्थान के स्ट्रेटेजिक प्लान को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। जिसका लक्ष्य आईआईएम रांची को विश्व स्तर पर उन्मुख और स्थानीय रूप से प्रासंगिक बनाना है। इसमें उन विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी जो दिव्यांग हैं या अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों से आते हैं। यह छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2023-24 से लागू होगी। छात्रवृत्ति को लेकर योजना बना ली गई है।

Dainik Bhaskar_18.05.2023_Pg. 03